भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2766
उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2020

बीएसएनएल के पुनरुद्धार हेतु रूपरेखा

2766. श्री निशीथ प्रामाणिकः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के पुनरुद्धार के लिए कोई रूपरेखा तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार ने बीएसएनएल के वर्तमान कर्मचारियों के भविष्य की संभावनाओं पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार ने बीएसएनएल के वर्तमान कर्मचारियों के कल्याण के लिए क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर

संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) सरकार ने दिनांक 23.10.2019 को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की पुनरूद्धार योजना को अनुमोदित किया है। इस पुनरूद्धार योजना में अन्य बातों के साथ-साथ 50 वर्ष और इससे अधिक आयु के कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति स्कीम (वीआरएस) के माध्यम से कर्मचारी लागत को कम करने, 4जी सेवाएं प्रदान करने के लिए बीएसएनएल को स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आवंटन करने, बीएसएनएल की परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण करने और सरकारी गारंटी बॉण्ड जारी करके ऋण का पुनर्निर्धारण करने जैसे उपाय शामिल हैं।

(ख) और (ग) सरकार ने बीएसएनएल को प्रतिस्पर्धी और आत्म-निर्भर बनाने के लिए निम्नलिखित उपाए किए हैं जिससे वर्तमान कर्मचारियों के कल्याण और भविष्य की संभावनाएं सुनिश्चित होंगी:

जारी....2....

i) बीएसएनएल की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए स्वैच्छिक सेवा-निवृत्ति स्कीम के माध्यम से कर्मचारी लागत को कम करना;

ii) मोबाइल कारोबार की बाजार हिस्सेदारी और प्रति प्रयोक्ता उच्चतर औसत राजस्व (एपीआरयू) को बढ़ाने के लिए 4जी सेवाएं प्रदान करने हेतु स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आवंटन करना।

iii) अतिरिक्त भूमि और भवनों का मुद्रीकरण करना ताकि नकदी अपेक्षाओं की पूर्ति करने और अब तक लिए गए ऋण को चुकाने की व्यवस्था की जा सके।

iv) मौजूदा ऋण को पुनर्निर्धारण करना और पूंजीगत व्यय/प्रचालन व्यय (कैपेक्स/ओपेक्स) की सहायता के लिए सरकारी गारंटी बॉण्ड जारी करना।

*****